## समुद्री राज्य/ राज्य निदेशालय (गैर-महापत्तन) में अप्रैल , 2023 के दौरान और तक संचालित किया गया कार्गो

### भारत के समुद्री राज्य/ राज्य निदेशालय में कुल कार्गो यातायात

समुद्री यातायात कार्यकलाप, वैश्विक अर्थव्यवस्था में होने वाले विकास अर्थात्: वैश्विक आउटपुट एवं व्यापार में वृद्धि द्वारा चालित होता है। इस प्रकार, पत्तनों द्वारा संचालित किए गए समुद्री कार्गो यातायात की मात्रा मुख्य रूप से वैश्विक एवं घरेलू गतिविधियों दोनों स्तरों एवं परिवर्तनों पर निर्भर है। गैर-महापत्तनों पर कार्गो यातायात अप्रैल, 2022 के दौरान संचालित किए गए 55.84 मिलियन टन से **अप्रैल, 2023 के दौरान 3.2% तक बढ़कर 57.64 मिलियन टन हो गया।**

गैर-महापत्तनों पर संचालित किया गया विदेशी कार्गो यातायात, अप्रैल, 2022 के दौरान संचालित किए गए 45.07 मिलियन टन से अप्रैल, 2023 के दौरान 2.6% तक बढ़कर 46.23 मिलियन टन हो गया। गैर-महापत्तनों पर संचालित तटीय कार्गो यातायात अप्रैल, 2022 के दौरान संचालित 10.77 मिलियन टन से अप्रैल, 2023 के दौरान 5.9% तक बढ़कर 11.41 मिलियन टन हो गया।

### अप्रैल, 2023 के दौरान संचालित पत्तनवार कार्गो

- **अप्रैल , 2023** के दौरान, कैप्टन ऑफ पोर्टस गोवा के गैर-महापत्तनों ने यातायात में 141.4% की सबसे अधिक वृद्धि दर्ज की है हांलाकि, कुल संचालित कार्गो में इसकी हिस्सेदारी बहुत कम थी। इसके बाद, पत्तन निदेशालय, ओडिशा (37.7%), पत्तन निदेशालय, पुदुच्चेरी (18.3%), आंध्र प्रदेश पत्तन निदेशालय (एपीएमबी) (9.5%) और महाराष्ट्र समुद्री बोर्ड (एमएमबी) (7.9%) के गैर महापत्तन आते हैं। **अप्रैल, 2023 में जिन समुद्री राज्य/राज्य निदेशालयों ने ऋणात्मक वृद्धि दर्ज की,** उनमें केरल समुद्री बोर्ड (केएमबी) (27.5%), पत्तन निदेशालय, कर्नाटक (10.6%), पत्तन प्रबंधन बोर्ड, अंडमान एवं निकोबार द्वीप (7.3%), गुजरात समुद्री बोर्ड (जीएमबी) (2.5%) और तमिलनाडु समुद्री बोर्ड (टीएनएमबी) (2.4%) आते हैं।


- अप्रैल, 2023 के दौरान, समुद्री राज्य/ राज्य निदेशालयों में गुजरात समुद्री बोर्ड ने समुद्री राज्य/राज्य निदेशालय में संचालित किए गए कुल कार्गो में (59.7%) की हिस्सेदारी के साथ 34.41 मिलियन टन का अधिकतम कार्गो यातायात संचालित किया। इसके बाद, आंध्र प्रदेश समुद्री बोर्ड (16.6%), महाराष्ट्र समुद्री बोर्ड (12.5%), पत्तन निदेशालय, ओडिशा (7.8%), तमिलनाडु समुद्री बोर्ड (1.5%), पत्तन निदेशालय, पुदुच्चेरी (1.4%), पत्तन प्रबंधन बोर्ड, अंडमान एवं निकोबार द्वीप समूह (0.3%) और पत्तन निदेशालय, कर्नाटक (0.1%) आते हैं।

- वस्तुओं के व्यापक स्तर पर अप्रैल, 2023 में निर्माण **सामग्री ने 195.9% की सर्वाधिक वृद्धि दर्ज की** हांलाकि, कुल संचालित कार्गो में इसकी हिस्सेदारी नगण्य थी। इसके बाद, अन्य अयस्क (57.8%),

एफआरएम लिक्विड (38.5%), थर्मल कोयला (32.1%), अन्य कोयला (22.0%), लौह अयस्क (20.3%), कंटेनर (8.9%) और कोकिंग कोयला (2.0%) आते हैं। परियोजना कार्गो ने अप्रैल, 2023 में 79.8% की अधिकतम ऋणात्मक वृद्धि दर्ज की। इसके बाद, चीनी (75.8%), उर्वरक (34.2%), सीमेंट (24.7%), दालों को छोड़कर खाद्यान्न (20.5%), पीओएल उत्पाद (15.0%), अन्य वस्तुएं (13.4%), खाद्य तेल (8.0%), एलपीजी अथवा एलएनजी (4.4%), पीओएल क्रूड (1.9%) तथा लोहा और इस्पात (0.4%) हैं।

- वस्तुओं के व्यापक स्तर पर अप्रैल, 2023 में कंटेनर ने **17.7% की हिस्सेदारी के साथ 10.2 मिलियन टन** के अधिकतम कार्गो यातायात की हैंडलिंग की। इसके बाद, अन्य कोयला (17.5%), पीओएल क्रूड (12.8%), लौह अयस्क (11.4%), अन्य वस्तुएं (10.2%), पीओएल उत्पाद (9.2%), थर्मल कोयला (6.5%), कोकिंग कोयला (5.9%), एलपीजी अथवा एलएनजी (2.9%), सीमेंट (1.5%), उर्वरक (1.3%), दालों को छोड़कर खाद्यान्न और लोहा एवं इस्पात (0.7% प्रत्येक), निर्माण सामग्री (0.5%), खाद्य तेल और अन्य अयस्क (0.3% प्रत्येक) और एफआरएम लिक्विड और चीनी (0.2%) आते हैं।

**Graph 1. State Maritime/ Directorate-wise share of cargo traffic handled during April, 2023-24**




नोट: उपर्युक्त ग्राफ के अन्य में अंडमान एवं निकोबार द्वीप समूह, गोवा, केरल और कर्नाटक के गैर-महापत्तन शामिल हैं।

तालिका -1 : गैर-महापत्तन – पत्तनवार संचालित मासिक कार्गो यातायात

(हजार टनों में)

| क्रम सं. | पत्तनों के नाम | | (अप्रैल , 2022) (पी) | | (अप्रैल , 2023) (पी) | | % अंतर {(कॉं.6/ कॉं.4-1)* 100} |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | संचालित कार्गो | प्रतिशत हिस्सा | संचालित कार्गो | प्रतिशत हिस्सा | |
| (1) | (2) | (3) | (4) | (5) | (6) | (7) | (8) |

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | जीएमबी | विदेशी | 31248.70 | 69.3 | 31424.29 | 68.0 | 0.6 |
| | | तटीय | 4037.82 | 37.5 | 2986.07 | 26.2 | -26.0 |
| | | कुल | 35286.52 | 63.2 | 34410.36 | 59.7 | -2.5 |
| 2 | एमएमबी | विदेशी | 2554.95 | 5.7 | 2690.25 | 5.8 | 5.3 |
| | | तटीय | 4145.92 | 38.5 | 4543.06 | 39.8 | 9.6 |
| | | कुल | 6700.87 | 12.0 | 7233.31 | 12.5 | 7.9 |
| 3 | टीएनएमबी | विदेशी | 807.27 | 1.8 | 841.76 | 1.8 | 4.3 |
| | | तटीय | 84.65 | 0.8 | 28.77 | 0.3 | -66.0 |
| | | कुल | 891.92 | 1.6 | 870.52 | 1.5 | -2.4 |
| 4 | गोवा | विदेशी | 0.00 | 0.0 | 0.00 | 0.0 | 0.0 |
| | | तटीय | 1.66 | 0.0 | 4.00 | 0.0 | 141.4 |
| | | कुल | 1.66 | 0.0 | 4.00 | 0.0 | 141.4 |
| 5 | केएमबी | विदेशी | 0.00 | 0.0 | 0.00 | 0.0 | 0.0 |
| | | तटीय | 12.94 | 0.1 | 9.39 | 0.1 | -27.5 |
| | | कुल | 12.94 | 0.0 | 9.39 | 0.0 | -27.5 |
| 6 | पुदुच्चेरी | विदेशी | 698.77 | 1.6 | 826.52 | 1.8 | 18.3 |
| | | तटीय | 0.00 | 0.0 | 0.00 | 0.0 | 0.0 |
| | | कुल | 698.77 | 1.3 | 826.52 | 1.4 | 18.3 |
| 7 | आंध्र प्रदेश | विदेशी | 6865.88 | 15.2 | 6208.77 | 13.4 | -9.6 |
| | | तटीय | 1882.14 | 17.5 | 3369.46 | 29.5 | 79.0 |
| | | कुल | 8748.01 | 15.7 | 9578.23 | 16.6 | 9.5 |
| 8 | अंडमान एवं निकोबार द्वीप समूह | विदेशी | 11.34 | 0.0 | 17.40 | 0.0 | 53.4 |
| | | तटीय | 153.79 | 1.4 | 135.63 | 1.2 | -11.8 |
| | | कुल | 165.13 | 0.3 | 153.03 | 0.3 | -7.3 |
| 9 | कर्नाटक | विदेशी | 69.55 | 0.2 | 48.43 | 0.1 | -30.4 |
| | | तटीय | 9.61 | 0.1 | 22.32 | 0.2 | 132.4 |
| | | कुल | 79.15 | 0.1 | 70.75 | 0.1 | -10.6 |
| 10 | ओडिशा | विदेशी | 2813.64 | 6.2 | 4173.46 | 9.0 | 48.3 |
| | | तटीय | 439.48 | 4.1 | 307.66 | 2.7 | -30.0 |

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | कुल | 3253.13 | 5.8 | 4481.12 | 7.8 | 37.7 |
| कुल | | विदेशी | **45070.10** | **80.7** | **46230.88** | **80.21** | **80.2** |
| | | तटीय | **10768.00** | **19.3** | **11406.35** | **19.79** | **19.8** |
| | | कुल | **55838.10** | **100.0** | **57637.23** | **100.00** | **100.0** |

स्रोत :- पोर्ट डाटा मैनेजमेंट पोर्टल, पत्तन पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्रालय (पी) अनंतिम

तालिका-2: गैर-महापत्तनों में कार्गो यातायात की वस्तुवार वृद्धि

(हजार टनों में)

| वस्तुएं | (अप्रैल , 2022) (पी) | | (अप्रैल, 2023) (पी) | | % अंतर {(कॉ.4/ कॉ.2-1)* 100} |
|---|---|---|---|---|---|
| | संचालित कार्गो | प्रतिशत हिस्सा | संचालित कार्गो | प्रतिशत हिस्सा | |
| **(1)** | **(2)** | **(3)** | **(4)** | **(5)** | **(6)** |
| पीओएल क्रूड | 7545 | 13.5 | 7405 | 12.8 | -1.9 |
| पीओएल उत्पाद | 6251 | 11.2 | 5311 | 9.2 | -15.0 |
| एलपीजी या एलएनजी | 1727 | 3.1 | 1650 | 2.9 | -4.4 |
| खाद्य तेल | 212 | 0.4 | 195 | 0.3 | -8.0 |
| एफआरएम-लिक्विड | 97 | 0.2 | 134 | 0.2 | 38.5 |
| लौह अयस्क पेलेट /फाइन | 5484 | 9.8 | 6597 | 11.4 | 20.3 |
| अन्य अयस्क | 114 | 0.2 | 179 | 0.3 | 57.8 |
| थर्मल कोयला | 2838 | 5.1 | 3748 | 6.5 | 32.1 |
| कोकिंग कोयला | 3343 | 6.0 | 3411 | 5.9 | 2.0 |
| अन्य कोयला | 8284 | 14.8 | 10108 | 17.5 | 22.0 |
| उर्वरक | 1153 | 2.1 | 759 | 1.3 | -34.2 |
| एफआरएम-ड्राई | 0 | 0.0 | 27 | 0.0 | 0.0 |
| दालों को छोड़कर खाद्यान्न | 474 | 0.8 | 377 | 0.7 | -20.5 |
| दालें | 0 | 0.0 | 0 | 0.0 | 0.0 |
| चीनी | 494 | 0.9 | 119 | 0.2 | -75.8 |
| सीमेंट | 1153 | 2.1 | 868 | 1.5 | -24.7 |


| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| लोहा तथा इस्पात | 378 | 0.7 | 376 | 0.7 | -0.4 |
| परियोजना कार्गो | 46 | 0.1 | 9 | 0.0 | -79.8 |
| निर्माण सामग्री | 100 | 0.2 | 296 | 0.5 | 195.9 |
| कंटेनर टन | 9367 | 16.8 | 10198 | 17.7 | 8.9 |
| कंटेनर टीईयू* | 698 | 1.2 | 784 | 1.4 | 12.4 |
| अन्य | 6780 | 12.1 | 5869 | 10.2 | -13.4 |
| कुल | **55838** | **100.0** | **57637** | **100.0** | **3.2** |

**स्रोत :- पोर्ट डाटा मैनेजमेंट पोर्टल, पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्रालय (पी) अनंतिम**

<u>अप्रैल, 2023 के दौरान संचालित विदेशी एवं तटीय कार्गो यातायात</u>


- अप्रैल, 2023 के दौरान गैर-महापत्तनों में, गुजरात समुद्री बोर्ड (जीएमबी) ने 68.0% की हिस्सेदारी के साथ 31.42 मिलियन टन के अधिकतम विदेशी कार्गो का संचालन किया। इसके बाद, आंध्र प्रदेश पत्तन निदेशालय (13.4%), पत्तन निदेशालय, ओडिशा (9.0%), महाराष्ट्र समुद्री बोर्ड (5.8%), तमिलनाडु समुद्री बोर्ड और पत्तन निदेशालय, पुदुच्चेरी (1.8%) और अन्य (0.1%) (जिसमें अंडमान एवं निकोबार द्वीप समूह, गोवा, केरल और कर्नाटक सहित) आते हैं। **(ग्राफ-2)**

**Graph 2. State Maritime/ Directorate-wise share of Overseas cargo traffic handled during April, 2023-24**




नोट: उपरोक्त ग्राफ-2 में अन्य अंडमान और निकोबार द्वीप समूह, गोवा, केरल और कर्नाटक के गैर-महापत्तनों को दर्शाता है।

- गैर-महापत्तनों में, 39.8% हिस्सेदारी के साथ महाराष्ट्र समुद्री बोर्ड ने 4.54 मिलियन टन के अधिकतम तटीय कार्गो का संचालन किया। इसके बाद, आंध्र प्रदेश समुद्री बोर्ड (29.5%), गुजरात समुद्री बोर्ड (26.2%), पत्तन निदेशालय, ओडिशा (2.7%), अंडमान एवं निकोबार द्वीप समूह (1.2%), तमिलनाडु समुद्री बोर्ड और अन्य (जिसमें गोवा, केरल, कर्नाटक और पुदुच्चेरी शामिल हैं) (0.3% प्रत्येक) आते हैं। **(ग्राफ-3)**




नोट: उपरोक्त ग्राफ-3 में अन्य गोवा, केरल, कर्नाटक और पुदुच्चेरी के गैर-महापत्तनों को दर्शाता है।

******************************